THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

QUESTION BANK [GRADE 8] CHAPTER -4

दीवानों की हस्ती

1) 'दीवानों की हस्ती' नामक कविता किसके द्वारा लिखी गयी है ?

क) रामधारी सिंह दिनकर

ख) भगवतीचरण वर्मा

ग) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

2) मनमौजी व्यक्ति किस ओर चलता है ?

क) जहाँ उसका मन होता है वहाँ

ख) उत्तर की ओर

ग) जिधर सभी लोग गए हो

3) 'आबाद' शब्द का क्या अर्थ है ?

क) प्यार

ख) बसना

ग) भाग्य

4) 'भिखमंगों' की दुनिया किस प्रकार की है ?

क) वे लेना जानते है , देना नहीं

ख) वे अजीब होते है

ग) वे दया नहीं करते

5) धूल उड़ाकर चलने का अर्थ क्या होगा ?

क) मुँह से धूल उड़ाना

ख) मस्ती में डूबकर चलना

ग) निश्चित होकर चलना

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL

6) दीवानों का ह्रदय कैसा होता है ?

क) भावुक

ख) संवेदनशील

ग) भावुक व संवेदनशील

7) दीवानों के साथ साथ क्या चलता है ?

क) धन

ख) मस्ती का आलम

ग) दर्द

8) दीवानों संसार को क्या लुटाते है ?

क) धन

ख) ज्ञान

ग) प्यार

9) 'स्वच्छंद' शब्द का अर्थ क्या है ?

क) स्वतंत्र

ख) गौरव

ग) बड़ा

10) दीवानों अपने ह्रदय में कैसी निशानी ले जाते है ?

क) प्रसन्नता

ख) असफलता

ग) निराशा

11) दीवानों क्या बनकर आते है ?

क) हताश

ख) उल्लास

ग) रस

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL

11) 'आलम' शब्द का क्या अर्थ है ?

क) ज़माना

ख) दुनिया

ग) शहर

12) दीवानों को किसने बाँधा था ?

क) परिवार ने

ख) संबंधियों ने

ग) स्वयं ने

13) 'उर' शब्द का क्या अर्थ है ?

क) कैद

ख) हृदय

ग) घूमना

<u>शब्दार्थ</u>

a) हस्ती - ____________________

b) आलम - ____________________

c) उल्लास - ____________________

d) भिखमंगों - ____________________

e) स्वच्छंद - ____________________

f) उर - ____________________

g) भार - ____________________

h) निसानी - ____________________

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL

ANSWERS

a) अस्तित्व
b) संसार
c) खुशी
d) भिखारी
e) स्वतंत्र / अपनी इच्छा के अनुसार चलने वाला
f) हृदय
g) बोझ
h) निशान / चिह्न

पर्यायवाची शब्द

a) उल्लास = ____________ , ______________
b) आलम = ____________ , ______________
c) दुख = ____________ , ______________
d) प्यार = ____________ , ______________

ANSWERS

a) खुशी , हर्ष
b) संसार , जगत , दुनिया
c) व्यथा , पीड़ा , कष्ट
d) प्रेम , स्नेह

विलोम शब्द

a) स्वच्छंद X ________________
b) प्यार X ________________
c) असफलता X ________________
d) सुख X ________________
e) अपना X ________________
f) बंधन X ________________

ANSWERS

a) नियंत्रित
b) नफरत
c) सफलता
d) दुख
e) पराया
f) मुक्त

अतिरिक्त प्रश्न

प्रश्न 2. निम्नलिखित सवालों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए|

1) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है ?

उत्तर :- कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' इसलिए कहा है क्योंकि उनके आने से लोगों में मस्ती और खुशी छा जाती है। लेकिन , जब कवि किसी जगह को छोड़कर जाने लगते है , तो वह तथा लोग दुखी हो जाते है।

2) भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने ह्रदय पर असफलता का एक निशान भार कि तरह लेकर जा रहा है ? क्या वह निराश है या प्रसन्न है ?

उत्तर :- कवि के अनुसार ये स्वार्थी दुनिया इतनी लालची है कि इसने कभी निस्वार्थ भाव से कुछ देना कभी सीखा ही नहीं है। कवी ने ज़िन्दगी भर लोगों को सच्चा प्यार नहीं किया। इसी वजह से कवी निराश है उन्हें लगता है कि वे लोगों के मन में प्रेम और खुशियों के बीज बोन में असफल ही रह गए।

3) कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी?

उत्तर :- कविता में कवि का जीवन के प्रति दृष्टिकोण अच्छा लगा। कवि कहते है कि हम सबके सुख-दुःख एक है तथा हमें एक साथ ही इन सुखों और दुखों को भोगना पड़ता है। हमें दोनों परिस्थितियों का सामना समान भाव से करना चाहिए। ऐसी दृष्टिकोण रखनेवाला व्यक्ति ही सुखी रह सकता है।

4) कवि सुख और दुःख को किस भाव से ग्रहण करता है?

उत्तर - कवि सुख और दुःख को समान भाव से ग्रहण करता है।

5) कवि किस बात के लिए संघर्षरत रहता है?

उत्तर - कवि समाज की भलाई के लिए हमेशा संघर्षरत रहता है।

6) शब्दों के अर्थ बताइए - स्वच्छंद, उर

उत्तर - स्वच्छंद - अपनी इच्छा के अनुसार चलने वाला, उर - हृदय

7) कविता पढ़कर कवि की क्या - क्या विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं?

उत्तर - विशेषताएँ - दीवाना, मस्ताना, सुख दुःख बाँटने वाला, उल्लास से भरा हुआ इत्यादि

8) कवि सुख - दुःख की भावना से निर्लिप्त क्यों है?

उत्तर - कवि सुख - दुःख की भावना से इसलिए निर्लिप्त है क्योंकि वह सुख और दुःख को समान भाव से देखता है।

9) कवि किन बंधनों को तोड़ने की बात कर रहा है?

उत्तर - कवि समाज में व्याप्त बुराइयों, रूढ़िग्रस्त रीती - रिवाज़ों के परंपरागत बंधनों को तोड़ने की बात कह रहा है।

10) कवि ने दुनियाँ को भिखमंगा क्यों कहा है?

उत्तर - कवि ने दुनियाँ को भिखमंगा इसलिए कहा है क्योंकि दुनिया में सभी लोग एक दूसरे से कुछ न कुछ माँगते रहते हैं।

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL